16-07-2021

## गगनयान

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. तमिलनाडु में महेन्द्रगिरी के इसरो प्रोपल्शन कॉम्क्लेक्स की इंजन परीक्षण सुविधा में 240 सेकंड के लिए इंजन को फायर किया गया था।
2. इसरो ने तीसरे रॉकेट में भारतीय अंतरिक्ष- यात्रियों को भेजने से पहले दो मानव रेटेड मान रहित GSLV-MK III रॉकेट उड़ाने की योजना बनाई है।
3. गगनयान मिशन की योजना भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा बनाई गई है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने तरल ईंधन संचालित, विकास इंजन का तीसरा लंबी अवधि का गर्म परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- इस परीक्षण के साथ इसरो अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए और आगे बढ़ गया है।
- ह्यूमन रेटेड Geosynchoronous Satelite Lauch Vehicle MK-III के कोर 1110 तरल चरण के लिए तरल प्रणोदक विकास इंजन की तीसरा लंबी अवधि का गर्म परीक्षण किया गया था।
- यह परीक्षण गगनयान कार्यक्रम के लिए इंजन योग्यता आवश्यकताओं का एक हिस्सा था।
- तमिलनाडु में महेन्द्रगिरी के इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स की इंजन परीक्षण सुविधा में 240 सेकंड के लिए ईजन को फायर किया गया था।
- यह परीक्षण गगयान कार्यक्रम के लिए इंजन योग्यता आवश्यकताओं का एक हिस्सा था।
- तमिलनाडु में महेन्द्रगिरी के इसरो प्रोपल्शन कॉम्लेक्स की इंजन परीक्षण सुविधा में 240 सेकंड के लिए इंजन को फायर किया गया था।
- इसरो ने तीसरे रॉकेट में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने से पहले दो मानव रेटेड मानव रहित GSLV-MK III रॉकेट उड़ाने की योजना बनाई है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- ऑर्बिटल मॉड्यूल नामक गगनयान सिस्टम मॉड्यूल में एक महिला सहित तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। यह स्पेसफ्लाइट पृथ्वी से 300-400 किमी की ऊंचाई पर निम्न-पृथ्वी कक्षा में 5 से 7 दिनों तक पृथ्वी के चारो ओर घूमेगा।
- इस मिशन के पेलोड में शामिल है-

  - क्रू मॉड्यूल जो इंसानो को ले जाएगा।

  - सर्विस मॉड्यूल जो दो तरल प्रणोदक इंजनों द्वारा संचालित होगा।

  -इसमें आपतकालीन पलायन और आपातकालीन मिशन निरसन शामिल होगा।
- गगनयान मिशन को GSLV MK III या LVM-3 नामक तीन चरणों वाली भारी लिफ्ट लॉन्च वाहन के माध्यम से लॉन्च किया जाएगा क्योंकि इसमें आवश्यक पेलोड क्षमता है।

## विश्व युवा कौशल दिवस

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. प्रतिवर्ष 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. 18 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से श्रीलंका के नेतृत्व में एक प्रस्ताव अपनाया अैर 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया।
3. वैश्विक श्रीलंका ने G-77 और चीन की सहायता से इस संकल्प की शुरूआत की थी।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** हाल ही में 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- 18 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से श्रीलंका के नेतृत्व में एक प्रस्ताव अपनाया, और 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया।
- वैश्विक स्तर पर युवा कौशल विकास के महत्व को उजागर करने के लिए श्रीलंका ने G-77 (77 देशों का समूह) और चीन की सहायता से इस संकल्प की शुरूआत की थी।
- आज के युवाओं के लिए बेहतर सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को प्राप्त करना जो बेरोजगारी और कम रोजगार की चुनौतियों का समाधान करने के साधन के रूप में कार्य करेगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- ❖ विश्व युवा कौशल दिवस पारंपरिक रूप से पुर्तगाल और श्रीलंका के स्थायी मिशनों द्वारा यूनेस्को, ILO और युवाओं पर महासचिव के दूत के कार्यालय के साथ मिलकर आयोजित किया जाता है।
- ❖ विश्व युवा कौशल दिवस महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे की दुनिया में बढ़ती युवा बेरोजगारी को विकसित और विकासशील देशों के लिए समान रूप से अर्थव्यवस्था और समाजों के सामने सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक रूप में देखा जाता है।
- ❖ वर्तमान में लगभ 73 मिलियन युवा बेरोजगार है, जिनमें हर साल 40 मिलियन श्रम बाजार में शामिल होते है। इस विशाल बेरोजगारी की समस्या से निपटाने के लिए अगले दशक में कम से कम 475 मिलियन नए रोजगार सृजित करने की आवश्यकता है।

## लेमरू हाथी अभ्यारण्य

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. लेमरू हाथी अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ में स्थापित किया जाएगा। इसे वर्ष 2005 ने प्रस्तावित किया गया था, और वर्ष 2007 में केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
2. लेमरू हाथी अभ्यारण्य के क्षेत्रफल 1995.48 वर्ग किलोमीटर को कम कर 450 वर्ग किलोमीटर किए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया गया है।
3. इस रिजर्व का लक्ष्य हाथियों को स्थायी आवास प्रदान करने के साथ -साथ मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकना तथा संपत्ति के विनाश को कम करना है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में 15 छत्तीसगढ़ राज्य के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सचिव ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को एक पत्र लिखा।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- ❖ लेमरू हाथी अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ में स्थापित किया जाएगा। इस वर्ष 205 में प्रस्तावित किया गया था और वर्ष 2007 में केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- लेमरू हाथी अभ्यारण्य के क्षेत्रफल 1995.48 वर्ग किलोमीटर को कम कर 450 किलोमीटर किए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जाता है।
- 27 अगस्त 2019 को हुई मंत्रीमंडल की बैठक में 1995.48 वर्ग किमी क्षेत्र में लेमरू हाथी अभ्यारण्य विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया था।
- 1995.48 वर्ग किमी क्षेत्रफल में कोरबा, कटघोरा, सरगुजा और धरमजयगढ़ वनमंडल का क्षेत्र समाहित किया गया।
- लेमरू हाथी अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले में स्थित है।
- इस रिजर्व का लक्ष्य हाथियों को स्थायी आवास पदान करने के साथ-साथ मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकना तथा संपत्ति के विनाश को कम करना है।
- अक्टूबर 2020 में राज्य सरकार ने वन्यजीव (सरंक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 36 A के अंतर्गत रिजर्व को अधिसूचित किया था।
- इस क्षेत्र में हाथियों के ओडिशा और झारखंड से छत्तीसगढ़ की ओर जाने पर होने वाले मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए यह योजना बनाई गई है।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS